मरम्मत

कटनी रेलवे स्टेशन के एक केबिन पर शुरू किया गया मरम्मत कार्य

ब्लॉक से प्रभावित हुआ ट्रेनों का संचालन

नवभारत,कटनी। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल अंतर्गत कटनी ए केबिन पर शनिवार को रेलवे ने पूर्व घोषित ब्लॉक लेकर अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। रेल प्रशासन द्वारा ट्रैक के आधुनिकीकरण और तकनीकी सुधार के लिए लिए गए इस ब्लॉक के कारण कटनी आने-जाने वाली स्थानीय मेमू ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। सुबह से ही इंजीनियरिंग और परिचालन विभाग की टीमें ए केबिन क्षेत्र में तैनात हो गई हैं। भारी मशीनों और तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में मेंटेनेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर का काम युद्ध स्तर पर जारी है। मेगा ब्लॉक के कारण कटनी मुख्य स्टेशन पर आने वाली कई ट्रेनों को बीच रास्ते उमरिया, झलवारा, निवार और मैहर में ही समाप्त कर दिया गया। उमरिया और मैहर जैसे स्टेशनों पर यात्रियों की अधिक हलचल देखी गई, क्योंकि बिलासपुर और सतना की ओर से आने वाली ट्रेनें इन्हीं स्टेशनों पर अपनी यात्रा समाप्त कर वहीं से वापस लौट गईं। निवार और झलवारा जैसे छोटे स्टेशनों पर भी ट्रेनों के शॉर्ट टर्मिनेशन के कारण यात्रियों को निजी वाहनों या बसों का सहारा लेना पड़ा। बीना की ओर से आने वाले यात्रियों के लिए राहत की बात यह रही कि बीना-कटनी मेमू को कटनी मुड़वारा तक संचालित किया गया, जिससे शहर के करीब आने वाले यात्रियों को ज्यादा असुविधा नहीं हुई। स्टेशनों पर लगातार उद्घोषणा के जरिए यात्रियों को ट्रेनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा होते ही रेल यातायात को दोबारा बहाल कर दिया जाएगा।

फिलहाल यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम के माध्यम से अपनी ट्रेनों का सही समय देखकर ही घर से निकलें। यात्रियों की असुविधा के लिए रेलवे द्वारा खेद जताया गया है।

खुशबु यादव ने परीक्षा में हासिल की सफलता

नवभारत, कटनी। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के कक्षा 12वीं गणित संकाय के परिणामों में छात्रा खुशबू यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। खुशबू यादव ने कुल 419/500 अंक 83.8 प्रतिशत अर्जित किए। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी विषय में 90-90 अंक, गणित में 89 अंक तथा भौतिक विज्ञान में 82 अंक प्राप्त कर डिस्टिंक्शन हासिल की। इस उपलब्धि पर उनके पिता पंचम सिंह यादव, माता हरभेजी देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्वास्थ्य सेवा के साथ सुपोषण की भी होगी व्यवस्था

मातृशक्ति सुपोषण अभियान के तहत सेवा भारती ने ली जिम्मेदारी

नवभारत,कटनी। जिले को कुपोषण की समस्या से समूल मुक्ति के लिए पिछले तीन वर्षों से सेवा भारती द्वारा कुपोषण उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम कम्युनिटी हॉल में गर्भवती मातृशक्ति सुपोषण, संभाल अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत गर्भवती माताओं को सर्वे के बाद पोषण किट का वितरण किया गया। साथ ही सेवा भारती की मातृ शक्ति सदस्यों द्वारा उनके देखभाल, शिक्षा की जवाबदारी भी ली गई है। आगामी 3 महीने तक उनके स्वास्थ्य की चिंता के साथ-साथ उनके सुपोषण की व्यवस्था भी सेवा भारती के सदस्य करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य बाल कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री आत्माराम दुबे, समाजसेवी विपिन तिवारी, डॉ अमित साहू, अध्यक्ष के रूप में कलेक्टर आशीष तिवारी मंचासीन रहे। सेवा भारती का लक्ष्य और सहित कार्यक्रमों की जानकारी आत्माराम दुबे ने दी और मेघा पवार ने मातृशक्ति सुपोषण के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने ने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शासन के अतिरिक्त भी सेवा भारती जैसी संस्थाएं आज समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी है। मंच पर सेवा भारती के अध्यक्ष रवि नायक, जिला महिला बाल विकास अधिकारी प्रतिभा पांडे और सेवा भारती उपाध्यक्ष आरती सोनी भी मंचासीन रहीं। कार्यक्रम आभार प्रदर्शन पुनीत और प्रीतेश ने किया।

एक नजर में

अरोषी ने दसवीं में 96 .8 प्रतिशत अंक लाकर हासिल किया प्रथम स्थान

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम बम्हनी की प्रतिभाशाली छात्रा अरोषी काछी ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है । अरोषी काछी, पिता बेनी प्रसाद काछी, ने अपनी इस शानदार सफलता से न सिर्फ अपने परिवार और विधालय का नाम गौरवान्वित किया । अरोषी काछी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय उमरियापान की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष व्यक्त किया । स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अरोषी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अरोषी की इस सफलता का श्रेय उनके माता-पिता, गुरुजनों के मार्गदर्शन और उनकी कड़ी मेहनत को जाता है । गौरतलब है बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में इस बार ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने न सिर्फ अपना, बल्कि अपने स्कूल सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दामाद ने सास पर किया धारदार हथियार से हमला

रीठी थाना क्षेत्र के देवगांव में हुई घटना, इलाज जारी

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी इतनी बढ़ गई कि रिश्तों की मर्यादा तार-तार हो गई और दामाद ने अपनी ही सास पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार आरोपी दामाद गोलू अपनी पत्नी को अपने साथ घर ले जाने के उद्देश्य से ससुराल पहुंचा था। बताया जा रहा है कि पत्नी के साथ जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से ही तनाव चल रहा था। जब इस मुद्दे पर बातचीत शुरू हुई तो देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बातचीत के दौरान माहौल इतना गरमा गया कि आरोपी गोलू अचानक आपा खो बैठा और गुस्से में आकर उसने अपनी सास पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में लगभग 45 वर्षीय महिला के पेट में गंभीर चोट आई है, जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रीठी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को रीठी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

सांसद और विधायक निधि से बनेगा बारात घर, मिलेगी ग्रामीणों की सुविधा

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति कराया गया भूमिपूजन

नवभारत, कटनी। जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजरवारा नंबर एक में बहुप्रतीक्षित बारात घर के निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। निर्माण कार्य के लिए सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक संजय पाठक द्वारा स्वीकृत की गई 24 लाख 50 हजार रूपए की राशि से कराया जाएगा। ग्राम के सरपंच जितेंद्र सिंह के संकल्प को साकार करने के लिए उदयराज सिंह चौहान ने लगातार प्रयास करते हुए जनपद के कोटे से विधायक की अनुशंसा पर 8 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत कराई। वहीं, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान ने सांसद निधि से विधायक और जनपद उपाध्यक्ष की अनुशंसा के माध्यम से 16 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि बारात घर निर्माण के लिए आवंटित कराई। इस प्रकार 24 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाला बारात घर ग्रामवासियों के लिए विवाह और अन्य सामाजिक आयोजनों के उपयोगी साबित होगा। बारात घर का निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को विवाह, अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बाहर महंगे स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें हॉल, पानी, बिजली और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कर निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए हैं। भूमि पूजन के अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, जयवंत सिंह चौहान, इंजीनियर काशी दुबे, उपसरपंच रजनीश सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, राजेश पंडा, राकेश राठौर उपस्थित रहे। सरपंच जितेंद्र सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

दबंगों ने तोड़ दी घर की दीवार, पुलिस के सामने भी की अभद्रता

पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर की कार्रवाई की मांग

नवभारत, कटनी। रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत भीम राव चौक लखेरा में युवक की घर की दीवार तोड़ दी गई है। हैरानी की बात ये है कि दीवार तोड़ने और धमकी दिए जाने की शिकायत पुलिस से की गई थी, बावजूद इसके पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं कि और धमकी देने वाले शिकायत बाद उसकी दीवार तोड़ दी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार 15 मार्च 2026 की रात लगभग साढ़े 8 बजे संतोष कुमार गुप्ता के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही उनके पुत्र शुभम गुप्ता अपने पैतृक निवास लखेरा भीम राव चौक पहुंचे, जहां आरोप है कि उनके चचेरे भाइयों ने उन्हें घेर लिया। अपनी सुरक्षा के लिए शुभम तत्काल रंगनाथ थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जहां दूसरे पक्ष के गोविंद गुप्ता, दीपक गुप्ता और अन्य परिजनों द्वारा शराब के नशे में गाली-गलौज और विवाद करने की बात सामने आई। स्थिति को संभालते हुए पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया। लेकिन अगले ही दिन दोपहर करीब ढाई बजे विवाद ने फिर उग्र रूप ले लिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार जब शुभम गुप्ता और उनके पिता अपने कार्य में व्यस्त थे, उसी दौरान दूसरे पक्ष ने उनके मकान की दीवार तोड़कर कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर शुभम ने दोबारा पुलिस को जानकारी दी।

मौके पर पहुंची पुलिस के सामने ही आरोपियों ने ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया, खुलेआम चुनौती देते हुए पीड़ित के मकान की दीवार तोड़ दी। इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश की मैरिट लिस्ट में किड्स के छात्र ने बनाया स्थान

दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन

नवभारत, कटनी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 और 12 के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें किड्स वे एकेडमी, हायर सेकंडरी स्कूल बरही के छात्रों ने नया कीर्तिमान स्थापित किए। कक्षा 10वीं के छात्र आदित्य पिता मनोज कुमार तिवारी ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मैरिट सूची में 7वां स्थान और जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं विराट पिता जयपाल गुप्ता ने 488 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में श्रेया पिता अरुण पांडे 86.6%, सत्यार्थ कुमार पिता सतीश कुमार गौतम 85.8 % अंक हासिल किए। साथ ही कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के संचालक डॉ जैनेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि छात्र आदित्य तिवारी ने न सिर्फ स्कूल बल्कि पूर बल्कि क्षेत्र और जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि छात्रों की सफलता उनके लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। स्कूल प्राचार्य प्रियंका त्रिपाठी ने बधाई देते हुए आगामी समय में भी ऐसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। ढीमरखेड़ा पुलिस ने ट्रेक्टर चोरी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार किया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि 16 अप्रैल 26 को झिन्ना पिपरिया गांव निवासी रमेश पटेल ने शिकायत की थी कि 13 अप्रैल को राजस्थान के अजमेर निवासी अर्जुन सिंह उसका टैक्टर ट्राली ग्राम खमतरा से बहोरिबंद ले जाने के लिए ले गया था, लेकिन वह बहोरीबंद नही पहुंचा और फोन भी नही उठा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

केन्द्रों की मैपिंग प्रक्रिया से खरीदी में हो रही देरी, किसान परेशान

अब साइलो सेंटर से होगी रवि फसल की खरीद

नवभारत, बाकल। बाकल क्षेत्र में रवि फसल की सरकारी खरीदी इस बार साइलो सेंटर के माध्यम से किए जाने की तैयारी है, लेकिन खरीदी में हो रही देरी से किसान खासे परेशान और निराश नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा वेयरहाउस स्तरीय खरीदी केंद्रों को चालू कर दिया गया है, वहीं समिति स्तरीय केंद्रों को पटोरी स्थित साइलो सेंटर में मर्ज किया जा रहा है। केंद्रों की मैपिंग प्रक्रिया के चलते खरीदी व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। खेतों से फसल निकल चुकी है, लेकिन खरीदी शुरू नहीं होने से किसान चिंता में हैं। किसानों का कहना है कि समय पर खरीदी नहीं होने से उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई किसानों को मजबूरी में अपनी उपज औने-पौने दाम पर व्यापारियों को बेचनी पड़ सकती है। वहीं साइलो सेंटर पटोरी के प्रबंधक पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि खरीदी के आदेश देर से मिलने के कारण प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी।

फिलहाल सेंटर में तैयारियां तेजी से जारी हैं और आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि संभवत: अगले 4 से 5 दिनों के भीतर खरीदी कार्य शुरू कर दिया जाएगा और जल्द ही साइलो सेंटर का विधिवत शुभारंभ भी किया जाएगा। फिलहाल खरीदी प्रारंभ नहीं हो सकी है, लेकिन प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। किसानों को उम्मीद है कि जल्द खरीदी शुरू होने से उन्हें राहत मिलेगी।

दुर्गम रास्तों से गांव पहुंचकर स्वास्थ्य स्वास्थ्य कर्मी लगा रहे बच्चों को टीका

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी तहसील के बकलहटा क्षेत्र में सीएचओ प्रियांसा कोल और कल्पना काछी जंगलों के बीच बसे दूरस्थ गांव खुसरा, नेगवा, कुडई और रमपुरा में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। स्वास्थ्य कर्मी गांव-गांव पहुंचकर बच्चा टीकाकरण कर रही हैं। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा भीषण गर्मी पेड़ की ठंडी छांव के नीचे बैठकर मासूम बच्चों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य कर्मी कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभा रहीं हैं।

समारोह

कार्यक्रम का आयोजन कर काव्य संग्रह अनुभूति का किया गया विमोचन, अतिथियों ने की काव्य संग्रह की सराहना

व्यंग्य और वेदना को अपने शब्दों को पिरोकर जनता की आवाज को उठाता है कवि

नवभारत, कटनी। आपमें काम करने का जज्बा है, तो आप किसी भी लक्ष्य को सहजता के साथ हासिल कर सकते हैं। जीवन में ध्येय महत्वपूर्ण होता है, आपका जज्बा आपको हारने नहीं देता। मन में कोई मिशन हो तो उम्र भी हार जाती है। यह बात रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश वर्मा ने होटल अरिंदम सभागार में आयोजित वरिष्ठ पत्रकार और कवि सुरेश सोनी ऋतुराज के काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। उन्होने कहा कि 80 साल की उम्र में भी जज्बे के साथ काम करना व्यक्ति की विशेषता है। जीवटता के साथ अपने ध्येय की ओर कदम बढ़ाने से आप अपनी उम्र को हरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 108 पेज का अनुभूति काव्य संग्रह राम नाम की माला के 108 मोतियों के समान है। कार्यक्रम में विधायक संदीप जायसवाल ने जनकवि सुरेश सोनी के काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने नगर निगम से रिटायरमेंट के बाद भी अपनी काव्य यात्रा को जारी रखा, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि एक कवि व्यंग्य और वेदना को अपने शब्दों में पिरोकर जनता की आवाज को उठाने और जगाने का काम करता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने सुरेश सोनी ऋतुराज की पांच दशकों की काव्य यात्रा के संबंध में परिचय देते हुए कहा कि वे ऐसी सख्सियत हैं, जिनका परिचय कुछ शब्दों में नहीं दिया जा सकता। कार्यक्रम के बाद गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात ने काव्य संग्रह अनुभूति की समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस काव्य संग्रह में समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा को सामने लाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में जन परिषद के संस्थापक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि समाज की पीड़ी को कवि अपने शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास करता है। उन्होने 19 चेप्टर बने और आज पूरे देश में 300 से ज्यादा चैप्टर का गठन हो गया है। पूर्व मिस यूनिवर्स और जन परिषद की ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ प्रगति सेठ ने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर यह अहसास हुआ कि यह कार्यक्रम पुत्र द्वारा अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए आयोजित किया गया है। इसके लिए आशीष सोनी साधुवाद के पात्र हैं। अनुभूति के विमोचन के अवसर पर शहर की कई सामाजिक, साहित्यिक संस्थाओं ने वरिष्ठ पत्रकार और कवि सुरेश सोनी ऋतुराज का पुष्पहारों से स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कवि मनोहर मनोज की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे बनारस से आए युवा कवि वैभव अवस्थी एवं युवा शायर डाबर रजा काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में एएसपी डॉ संतोष डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित अन्य की मौजूदगी रही।

मनाई जाएगी भगवान परशुराम जंयती, होंगे धार्मिक आयोजन

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान में आज भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन में पूरे क्षेत्र से ब्राम्हण समाज के लोगों की काफी संख्या में उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम जी की आकर्षक, भव्य झांकी निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। झांकी की शुरूआत बड़ी माई मंदिर से होगा, जो बावली हनुमान मंदिर, कटरा बाजार होते हुए आजाद चौक तक पहुंचेगी। कार्यक्रम के समापन के बाद वापसी मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी कुछ भक्तों द्वारा की गई है। ब्राम्हण समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी लोगों से कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम सफल बनाए।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024